रोवर्स/रेंजर्स
वार्षिक रिपोर्ट (सत्र् 2023–24)

सत्र् 2023–24 में महाविद्यालय की रोवर्स/रेंजर्स टीम ने विविध सांस्कृतिक सामाजिक, शैक्षिक एवं अन्य महत्वपूर्ण गतिविधियों में सक्रिय प्रतिभाग किया।

दिसम्बर माह में महाविद्यालय में आयोजित प्रशिक्षकों द्वारा रोवर्स/रेंजर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम में रोवर्स/रेंजर्स को पुल बनाना, गाँठ बांधना, प्राथमिक चिकित्सा आदि अनेक जीवनोपयोगी सेवा कार्यों का प्रशिक्षण दिया गया।

जनवरी माह में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर लखनऊ के बड़ा इमामबाड़ा स्थल पर उ0प्र0 शासन द्वारा आयोजित वॉकथान प्रतियोगिता में महाविद्यालय की रोवर्स/रेंजर्स ने बढ़–चढ़कर प्रतिभाग दिया। इसके अतिरिक्त इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में रोवर्स/रेंजर्स टीम ने महाविद्यालय की ओर से अपना स्टाल लगाया और विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रतिभाग करते हुए रंगोली प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

मार्च माह में लखनऊ के नेशनल पी0जी0 कालेज में आयोजित अन्तरमहाविद्यालयी रोवर्स/रेंजर्स समागम–2024 में महाविद्यालय की रोवर्स टीम ने प्रथम स्थान और रेंजर्स टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

रोवर्स प्रभारी	रेंजर्स प्रभारी	प्राचार्य
डॉ0 राघवेन्द्र मिश्र	डॉ0 रीना गुप्ता	प्रो0(डॉ0) सुमन गुप्ता